**09H(A)**

# HINDI

*(Second language)*

**Parts A and B**

**Time : $2\frac{1}{2}$ Hours]** **[Maximum Marks : 100**

## Part - A

***Time : 2 Hours*** ***Marks : 75***

**सूचना :**

1. **भाग - A** के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।
2. **भाग - A** के लिए समय **दो** (2) घण्टे निर्धारित हैं।

**I.** प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। प्रत्येक भाग (1, 2, 3, 4) के लिए **पाँच** (5)अंक निर्धारित हैं।

**1.** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए। **5×1=5**

अपने स्कूल में वह एक मेधावी छात्र था। पिछले पाँच वर्ष से वह हर वर्ष कक्षा में सबसे आगे था। उसे कहानियों की किताबें पढ़ने का शौक था। अत: उसकी अंग्रेजी और हिन्दी बहुत अच्छी थी। उसे सामान्य ज्ञान की पुस्तकें पढ़ना भी बहुत पसंद था। इससे उसका विज्ञान और इतिहास का ज्ञान भी विकसित होगा। गणित का तो वह जादूगर था।

**प्रश्न :**

(1) पुराने स्कूल का छात्र कैसा था?

(2) पिछले पाँच वर्ष से उसकी विशेषता क्या थी?

(3) उसे कौन सा शौक था?

(4) सामान्य ज्ञान की पुस्तकें पढ़ने से क्या होगा?

(5) वह गणित शास्त्र में कैसा था?

**2.** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। **5×1=5**

किसी जंगल में चार बैल रहते थे। चारों बैलों में बहुत दोस्ती थी। वे जहाँ भी जाते मिल-जुलकर जाते। घास-पूस और पत्ते चरने जाते तो साथ-साथ रहते थे। बैलों का स्वास्थ्य अच्छा था। उनका शरीर सुडौल था। एक दिन एक शेर उधर आया। शेर की नज़र बैलों पर पड़ी।

**प्रश्न :**

(1) जंगल में कितने बैल रहते थे?

(A) एक (B) दो (C) तीन (D) चार

(2) चारों बैलों में क्या थी?

(A) करुणा (B) मित्रता (C) तनाव (D) शांति

(3) बैलों का स्वास्थ्य कैसा था?

(A) सामान्य (B) कमजोर (C) अच्छा था। (D) बुरा था।

(4) उनका शरीर कैसा था?

(A) गंदा (B) धूल भरा (C) लचीला (D) सुडौल था।

(5) शेर की नज़र किस पर पड़ी?

(A) बैलों पर (B) हाथी पर (C) चीता पर (D) भालू पर

3. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। **5×1=5**

पकड़ वारि की धार झूलता है मेरा मन,
आओ रे सब मुझे घेर कर गाओ सावन,
इन्द्र धनुष के झूले में झूले मिल सब जन,
फिर-फिर आये जीवन में सावन मन भावन॥

**प्रश्न :**

(1) 'वारि' शब्द का अर्थ क्या है?

(A) आग (B) हवा (C) तूफान (D) पानी

(2) सब मुझे ------- कर गाओ सावन।

(A) छोड़ (B) घेर (C) जोड़ (D) फोड़

(3) सावन कैसा है?

(A) घन भावन (B) प्रिय भावन (C) मन भावन (D) रस भावन

(4) 'मिलना' शब्द का विलोम -

(A) जुड़ना (B) अलग होना (C) उठना (D) बैठना

(5) इन्द्रधनुष के झूले में सब ----

(A) फूले (B) खिले (C) मिले (D) झूले

4. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। 5×1=5

सावधान मनुष्य! यदि विज्ञान है तलवार,
तो इसे दे फेंक, तज कर मोह, स्मृति के पार।
हो चुका है सिद्ध, है तू शिशु अभी नादान
फूल-काँटो की तुझे कुछ भी नहीं पहचान।
खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार
काट लेगा अंग, तीखी है बड़ी यह धार।

प्रश्न :

(1) कवि किसे सावधान होने को कहते हैं?
(A) पशुओं को (B) मनुष्य को (C) पक्षियों को (D) असावधानियों को

(2) मनुष्य को किसकी पहचान नहीं है?
(A) फूलों की (B) काँटो की (C) फूल-काँटो की (D) अच्छाई की

(3) कवि के अनुसार मनुष्य हाथ में क्या लेकर खेल नहीं सकता है?
(A) चाकू (B) बंदूक (C) तलवार (D) हथियार

(4) 'स्मृति' का विलोम शब्द क्या है?
(A) विस्मृति (B) अस्मृति (C) कुस्मृति (D) बेस्मृति

(5) 'तलवार' की धार कैसी है?
(A) तीखी (B) पतली (C) पीखी (D) भद्दी

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए।
प्रश्न क्रमांक 6 के लिए choice है। 6×3=18

5. वर्षा सभी प्राणियों के लिए आधार है। कैसे?

6. श्रम के बल पर हम क्या-क्या हासिल कर सकते हैं?

*अथवा*

7. निम्नलिखित दोहों की पूर्ति कीजिए।

रहिमन पानी राखिए ...................................... मानुष चून॥

8. नर की अरू नल .......................................... तेतौ ऊँचौ होइ॥

9. सांस्कृतिक दृष्टि से हिन्दी का महत्त्व क्या है?

10. मदर टेरेसा ने अपने जीवन में क्या सिद्ध कर दिखाया है?

11. राजा कुमार वर्मा के राज्य में अकाल की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई?

**III.** ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर दस (10) पंक्तियों में लिखिए। **1×10=10**

12. ''बरसते बादल'' कविता के आधार पर प्रकृति का वर्णन कीजिए।

13. मीराबाई के भक्ति पदों का भाव अपने शब्दों में लिखिए।

**IV.** ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर बारह (12) पंक्तियों में लिखिए। **1×10=10**

14. वीरांगना लक्ष्मीबाई की देशभक्ति का एकांकी के आधार पर परिचय दीजिए।

15. आंध्र को ''अन्नपूर्णा एवं भारत का धान्यागार'' कहलाने में नदियों का क्या योगदान है?

**V.** ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **1×7=7**

16. परीक्षा शुल्क चुकाकर, कुछ पुस्तकें खरीदने के लिए पैसे माँगते हुए पिताजी को पत्र लिखिए।

17. हिन्दी सीखने की आवश्यकता के बारे में छोटे भाई के नाम पर पत्र लिखिए।

**VI.** ***किसी एक*** विषय पर *निबंध* लिखिए। **1×10=10**

18. व्यायाम से लाभ

19. कम्प्यूटर

20. राष्ट्रभाषा हिन्दी

21. शिक्षक दिवस

**09H(B)**

# HINDI

*(Second language)*
**Parts A and B**

**Time : 2½ Hours]** **[Maximum Marks : 100**

## Part - B

***Time : 30 minutes*** ***Marks : 25***

*सूचना :*

1. **भाग - B** के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न-पुस्तिका में ही लिखिए।
2. **भाग - B** के लिए आधा (½) घण्टा समय निर्धारित है।

*विशेष सूचना :*

1. **सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।**
2. प्रश्न क्रमांक **1** से **25** तक के उचित उत्तर का "कैपिटल अक्षर" सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए।
3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक **नहीं** दिये जायेंगे।

**1.** 'सोन बालक' किसका नाम है? [ ]
(A) पक्षी का नाम
(B) जानवर का नाम
(C) मनुष्य का नाम
(D) प्रांत का नाम

**2.** प्रेमचंद का जन्म कब हुआ? [ ]
(A) 1770
(B) 1910
(C) 1880
(D) 1780

**3.** हामिद का लालन-पालन किसने किया? [ ]
(A) सुमति
(B) अमीना दादी
(C) वहीदा रेहमान
(D) मीराबाई

4. "हम भारतवासी" कविता के कवि कौन हैं? [ ]
   (A) प्रसाद
   (B) आर.पी. निशंक
   (C) पंत
   (D) दिनकर

5. डॉ. रामधारी सिंह की उपाधि क्या है? [ ]
   (A) राष्ट्र कवि
   (B) पद्मश्री
   (C) श्रीमान
   (D) ग्राम कवि

6. भगवत शरण उपाध्याय की रचना क्या है? [ ]
   (A) भारतीय भाषाएँ
   (B) ऊर्वशी
   (C) लोक गीत
   (D) शांति की राह में

7. हम किस भाषा से अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं? [ ]
   (A) जापानी
   (B) अंग्रेजी
   (C) तमिल
   (D) हिन्दी

8. मीरा को गुरु ने क्या दिया? [ ]
   (A) भक्ति रूपी धन
   (B) अज्ञान रूपी धन
   (C) मूर्खता रूपी धन
   (D) संपत्ति रूपी धन

9. तात्या किसके स्वामी भक्त हैं? [ ]
   (A) राव साहेब के
   (B) जूही के
   (C) नाना फड्नवीस के
   (D) अंग्रेजों के

10. "जल ही जीवन है" पाठ में किस विषय की प्रेरणा है? [ ]
   (A) त्यौहारों की
   (B) जल संरक्षण की
   (C) शिक्षा संबंधी
   (D) आर्थिक संबंधी

11. ''टेसी थॉमस'' का उपनाम क्या है? [ ]

(A) देवी पुत्री

(B) सूर्य पुत्री

(C) अग्नि पुत्री

(D) माँ की पुत्री

12. ''दक्षिणी गंगा गोदावरी'' कैसा पाठ है? [ ]

(A) निबंध

(B) कहानी

(C) पत्र-लेखन

(D) यात्रा वर्णन

13. मीरा के प्रभु कौन हैं? [ ]

(A) गिरिधर

(B) श्रीधर

(C) भूधर

(D) हल-धर

14. मानव मात्र का धन कहाँ है? [ ]

(A) आसमान में

(B) प्रकृति में

(C) चाँद सितारों में

(D) विश्व में

15. 'गरबा' किस प्रकार की कला है? [ ]

(A) संगीत

(B) अभिनय

(C) शिल्प कला

(D) चित्र कला

16. ''अहिंसा'' में उपसर्ग पहचानिए। [ ]

(A) अहिं

(B) सा

(C) हिंसा

(D) अ

**17.** ''दूध वाला'' शब्द में प्रत्यय शब्द क्या है? [ ]

(A) वाला (B) ला
(C) दूध (D) कुछ नहीं

**18.** ''जग'' शब्द का पर्याय शब्द क्या है? [ ]

(A) पृथ्वी (B) दुनिया
(C) आकाश (D) चाँद

**19.** ''निराशा'' संधि विच्छेद कीजिए। [ ]

(A) नि + राशा (B) निः + आशा
(C) निरा + आशा (D) निस् + आशा

**20.** ''राम-लक्ष्मण'' समास लिखिए। [ ]

(A) कर्मधारय (B) बहुव्रीहि
(C) द्विगु (D) द्वंद्व

**21.** ''पवित्र'' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। [ ]

(A) पवित्रता (B) अपवित्र
(C) अनपवित्र (D) आपवित्र

**22.** मीरा ---- प्रभु गिरिधर नागर (कारक चिह्न से भरिए।) [ ]

(A) की (B) को
(C) से (D) के

**23.** ''आँखें खुलना'' मुहावरे का अर्थ क्या है? [ ]

(A) ज्ञानोदय होना (B) नींद से जागना
(C) नींद में आना (D) अंधकार में पड़ना

**24.** ''छाया'' बहुवचन रूप में लिखिए। [ ]

(A) छाये (B) छायी
(C) छायाएँ (D) छाँयीं

**25.** ''प्रणाम'' शब्द का अर्थ क्या है? [ ]

(A) तिरस्कार (B) नमस्कार
(C) दुआएँ (D) ये सब

---